आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 28.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं के लिए सर्विकल कैंसर की रोकथाम के लिए राष्ट्रव्यापी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
- उत्तराखंड में भी एचपीवी टीकाकरण अभियान की औपचारिक शुरुआत। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– राज्य में लगभग एक लाख 22 हजार बालिकाओं को टीके लगाए जांएगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में 147 करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- लोक भवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव में कला, प्रकृति, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के विविध आयामों का समन्वय देखने को मिल रहा है।

...........

**प्रधानमंत्री / टीकाकरण अभियान**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर में 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस– एच.पी.वी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रूग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। अभियान की औपचारिक शुरुआत पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

**टीकाकरण अभियान प्रदेश**

वहीं, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने गांधी शताब्दी चिकित्सालय देहरादून में इस टीकाकरण का शुभारंभ किया, जिससे प्रदेश व्यापी अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि महिला स्वास्थ्य सुरक्षा का एक मजबूत संकल्प है, जो सर्विकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में इस अभियान के तहत एक लाख 22 हजार बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के पहले चरण में प्रदेशभर में 155 एचपीवी टीकाकरण केन्द्रों की पहचान की गई है, जो सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में स्थित हैं।

उधर, अल्मोड़ा में टीका लगवाने वाली बालिका दिलशान और संजीवनी ने कहा कि इस वैक्सीन से वे गंभीर बीमारी से बचाव के प्रति आश्वस्त हैं। इसके लिए उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त किया।

वहीं, टिहरी, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में इस अभियान की शुरुआत की गई। पिथौरागढ़ के महिला अस्पताल में इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा मौजूद रहे।

**कैबिनेट मंत्री/होली**

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून स्थित अपने आवास में होली मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया प्रतिनिधियों औरसामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर कुमाउंनी और गढ़वाल के राठ होलियारों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे होलियारों, छोलिया नृतकों और मसकबीन व ढोल–दमाऊँ की गूंजती थापों ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नैनीताल जिले के हल्द्वानी में 147 करोड़ रुपए से अधिक की 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 154 करोड़ रुपए की लागत से हल्द्वानी–काठगोदाम स्रोत व ट्रीटमेंट संवर्धन पेयजल योजना का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं से नैनीताल जिला, विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकसित–उत्तराखंड बनाने की ओर तेज गति से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है, जिस पर संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

**वसंतोत्सव**

लोक भवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव के दूसरे दिन आज बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ ही विभिन्न स्टॉलों से उत्पादों की खरीददारी की। इस दौरान रुद्रप्रयाग की केदारघाटी मंचन समिति की ओर से प्रस्तुत नाटक "चक्रव्यूह" विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों ने प्रभावशाली अभिनय और सशक्त संवादों के माध्यम से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। इस अवसर पर पुष्प उत्पादकों और क्रेताओं के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से क्रेता–विक्रेता सभा का आयोजन भी किया गया, जिससे पुष्प उत्पादकों को बाजार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। वसंतोत्सव में कला, प्रकृति, स्वास्थ्य और स्वरोजगार के विविध आयामों का समन्वय देखने को मिल रहा है, जो इसे जनसामान्य के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा है। इस बीच, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज आर्ट गैलरी और फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल ने कलाकारों और फोटोग्राफरों से संवाद कर उनकी

प्रतिभा की सराहना की और कई चित्रकारों की पेंटिंग्स खरीदकर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉलों का भी अवलोकन किया। साथ ही विभिन्न स्टॉलों से खरीददारी कर विक्रेताओं का उत्साहवर्धन किया।

**होली मिलन**

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में इन दिनों होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में बागेश्वर नगर पालिका में आयोजित होली मिलन समारोह में विभिन्न जनप्रतिनिधियों, पालिका कर्मचारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने ढोलक और मंजीरे की मधुर थाप पर पारंपरिक हिंदी और कुमाऊँनी होली गीतों का गायन कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। लोकधुनों पर पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। होल्यार विनीता खेतवाल ने भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ समारोह में सहभागिता की।

नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और रिश्तों को मजबूत करने का माध्यम है।

..........